हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 21 सितंबर 2025

07 सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा प्रधानमंत्री...



08 लापरवाही: शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों के...





## बारिश का मौसम जाने वाला है अब शहर के लोगों को सड़क निर्माण की आस

# अड़ंगे नहीं लगाए जाते तो अब तक चकाचक हो जातीं शहर की सड़कें

बारिश खत्म होने वाली है और अब शहर के लोगों को सड़कों के निर्माण का इंतजार है। क्योंकि शहर की कई सड़कें वाहन चलाने लायक नहीं बची हैं। लेकिन अब नपा में फिर से नया पेंच फंसा दिया गया है। जिससे सड़कों का निर्माण लेट हो जाए। जो नेता नपा के कामों में दखलअंदाजी कर रहे हैं वह चाहते हैं कि चुनाव आने के छह आठ महीने पहले ही शहर की सड़कें बनें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर की सड़कों का निर्माण होने से रोकने के लिए करीब एक साल से अड़ंगे लगाए जा रहे हैं। यदि नपा के कार्यों में स्थानीय नेताओं का हस्तक्षेप नहीं होता तो अब तक शहर की सड़कें चकाचक हो जाती हैं। क्योंकि नपाध्यक्ष की कुर्सी संभालते ही नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने तोबड़तोड़ तरीके से सड़कों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किए। कई ऐसी गलियों में भी सीसी सड़कों का निर्माण कराया गया जहां पिछले सालों से सड़क नहीं थी। शहर में सीसी की सड़कें बनेंगी या डामर की इसमें पेंच फंसाकर सड़क निर्माण में अड़ंगे लगाए जाने के कारण सड़कों का निर्माण विवादों में आ गया और निर्माण कार्य में अटकलें लगती गईं। बारिश में सड़कों की स्थिति और भी खराब हो गई जिसके कारण अब कई सड़कें वाहन चलाने लायक नहीं बचीं।

शहर में कुल 8 नई सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिली है। माधवगंज हॉस्पिटल रोड से रविशंकर चौराह, नीमताल चौक तक एक किमी की सड़क 3.02 करोड़ में बनेगी। कागदीपुरा से गुरुद्वारा होते हुए हॉस्पिटल रोड तक 1.40 किमी की सड़क 3.96 करोड़ में बनेगी। रामलीला से बजरिया और गल्लामंडी चौक तक 1.60 किमी की सड़क 4.79 करोड़ से बनेगी। किरी मोहल्ला से बरईपुरा चौराह तक 1.20 किमी की सड़क 2.99 करोड़ में बनेगी। नीमताल से तिलक चौक और मयूर न्यूज चौक से बड़ा बाजार तक 1.10 किमी की सड़क 2.74 करोड़ में बनेगी।



विदिशा। पूरनपुरा गली नंबर पांच की सड़क पर गड्ढों में धंस रहे हैं।

### इन सड़कों की हालत खराब, काम करने दिया जाता तो अब तक चुकीं होतीं

नीमताल से बड़ा बाजार, बजरिया की 4 किमी सड़क का निर्माण अटका हुआ है। इसी तरह रामद्वारा से हरिपुरा 1 किमी, रामद्वारा से पुलिस लाइन सोठिया अंडरब्रिज 1 किमी सड़क, रामलीला मैदान से बरईपुरा गल्लामंडी की 4 किमी सड़क का निर्माण होना है। डंडापुरा से आरटीओ ऑफिस 1 कमी सड़क, पूरनपुरा चौराहे से बायपास तक 1 किमी सड़क, लालधाऊ से गणपत कॉलोनी 2 किमी सड़क, क्रांति चौकसे पूरनपुरा चौराह 1 किमी की सड़क का निर्माण किया जाना है। नपा के कार्यों में दखलअंदाजी के कारण इन सड़कों का निर्माण नहीं हो सका। कुछ नेता चाहते हैं की सड़कों का निर्माण विधानसभा चुनाव से पहले कराएं जिससे उन्हे इसका लाभ मिल सके।

### सड़कों का निर्माण हो जाता तो नपा की होती तारीफ इसलिए उलझा दीं

शहर में मेन मार्केट की करीब 10 किमी लंबी सड़कें 29 करोड़ रुपए से बनाई जाना है। इसमें माधवगंज चौराह से मेन रोड, शिवाजी चौक होते हुए बजरिया झांकी चौक तक मार्ग शामिल हैं। 2.30 किलोमीटर लंबा यह रोड़ 8 करोड़ 22 लाख 13 हजार रुपए की लागत से तैयार होना है। शहर की ये सड़कें सीसी और डामर के बीच एक साल से उलझी हुई हैं। यह इन सड़कों का निर्माण नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा द्वारा करा दिया जाता तो शहरवासी नपा की तारीफ करते इसलिए पेंच फंसा दिया गया। इधर खराब सड़कों की परेशानी से जूझ रहे शहरवासियों को निजात दिलाने के लिए विधायक मुकेश टंडन ने करीब 30 करोड़ रुपए की विधायक निधि से सड़कों का निर्माण कराने की बात कही है। सड़कों के निर्माण के लिए 15 अगस्त के बाद टेंडर प्रक्रिया होना थी और अक्टूबर से काम शुरू होने की बात कही गई थी। लेकिन ऐसे आसार दिखाई नहीं दे रहे।

## नटेरन में बारिश में भी नहीं मिल रहा पेयजल, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



नटेरन। एसडीएम को ज्ञापन देकर जल सप्लाई सुचारु करने की मांग की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

नटेरन में सगड़ बांध हिनोतिया माली परियोजना से पेयजल आता है। पर आलम यह है कि नटेरन जनपद एवं तहसील मुख्यालय पर भी पेयजल सुचारू नहीं मिल रहा है। पानी की टंकी से 100 मीटर के पास नलों में भी पानी नहीं पहुंच रहा।

बाजार मोहल्ला खाकी वाले मंदिर के पास के नलों सहित अन्य मोहल्लों में भी नल न आने से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि जब बरसात में पेयजल नहीं मिल रहा तो गर्मियों में क्या होगा। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ नलों में तो महीनों से पानी नहीं पहुंच। नटेरन के कुछ मोहल्लों में एक दिन छोड़कर नल आते हैं। जिस दिन नल आते हैं। उस दिन टंकी नहीं भरपाई या किसी वजह से नल नहीं चल पाए तो 4 दिन में एक दिन पानी मिल पाता है।

### जल जीवन मिशन और ग्राम पंचायत एक दूसरे की लापरवाही बताते हैं

अभी आधे नटेरन में पेयजल समस्या है। नटेरन जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं ग्राम पंचायत में सचिव अतिरिक्त चार्ज पर हैं और दो-दो जगह की जिम्मेदारी की बजह से समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा। जल जीवन मिशन और ग्राम पंचायत एक दूसरे की लापरवाही बताते हैं। ग्रामीण बारिश के समय में भी पेयजल के लिए तरस रहे हैं। एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या बताई है। संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित कर दिया है। शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारु करवाई जाएगी। ग्रामीणों ने कलेक्टर से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### 36 विधाओं की 72 प्रतियोगिताएं हुईं

**विदिशा।** ऑडिटोरियम में जिलास्तरीय बाल रंग कार्यक्रम के तहत 36 विधाओं की 72 प्रतियोगिताएं कराई गईं। जिसमें जिले के समस्त 7 विकासखंड ने सहभागिता की आज आयोजन में 500 से अधिक छात्र छात्राएं शामिल हुए और 150 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण की तैयारियां जोरों पर

**ग्यारसपुर।** मतदाता सूची के पुनरीक्षण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 69 बीएलओ मतदाताओं की जानकारी आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों में भर रहे हैं। नोडल अधिकारी हुकम सिंह सूर्यवंशी के नेतृत्व में सुपरवाइजर एवं बीएलओ टीम ऑनलाइन माध्यम से सभी आवश्यक जानकारियों को व्यवस्थित कर रही है। प्रत्येक मतदाता की व्यक्तिगत और पारिवारिक जानकारी सही और पूर्ण रूप से दर्ज की जा रही है। आयोग का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटि मुक्त बनाना है, जिससे आगामी चुनावों में सभी योग्य मतदाता अपने मतदान का अधिकार सुरक्षित रूप से प्रयोग कर सकें।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 23 को मनाएंगे

**विदिशा।** 23 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में एक वर्ष से उन्नीस वर्ष तक के सभी बालक एवं बालिकाओं को एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जाएगा। ऐसे बच्चे जो 23 सितम्बर को किन्हीं कारणों से कृमिनाशक गोली खाने से वंचित रह जायेंगे उनको 26 सितम्बर को एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जाएगा। सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार 23 सितम्बर को सुबह 11 बजे से होगा।

### 3 माह में 78 शासकीय सेवक सेवानिवृत्त होंगे

**विदिशा।** जिले में विभिन्न विभागों के कुल 78 शासकीय सेवक आगामी 3 महीने में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। जिला पेंशन अधिकारी उपेन्द्र मरावी ने बताया कि अब तक 9 प्रकरण कार्यालय को प्राप्त हुए हैं। जिला पेंशन अधिकारी मरावी ने बताया कि आगामी तीन माह क्रमशः अक्टूबर में 27, नवम्बर में 19 तथा दिसम्बर माह में 32 इस प्रकार जिले के विभिन्न कार्यालयों से इस वर्ष कुल 78 शासकीय सेवक सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इनमें से अब तक केवल 09 पेंशन प्रकरण ही जिला पेंशन कार्यालय में प्राप्त हुए हैं, जबकि शेष 69 प्रकरण अभी भी अप्राप्त हैं।

### नंदनी गौशाला में लगे 11 सीसीटीवी कैमरे

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की मंशानुरूप जिले की सभी गौशालाएं हाईटेक क्षेत्र में नवाचारों की ओर अग्रसर हो रहीं हैं। पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उप संचालक डॉ एन के शुक्ला ने बताया कि सिरोंज तहसील के ग्राम पंचायत जैतपुर, नन्दिनी गौशाला अब हाईटेक रूप ले रही है। गौशाला समिति प्रबंधक द्वारा गौशाला परिसर में 11 नग सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। गौशाला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की स्थापना से गौशाला की गतिविधियों पर निरंतर नजर रखी जा सकेगी।

### रिनिया में नरवाई नहीं जलाने की शपथ दिलाई

**विदिशा।** ग्राम पंचायत रिनिया में नरवाई प्रबंधन शिविर में किसानों को धान की नरवाई नहीं जलाने की शपथ दिलाई गई। वहीं आधुनिक तकनीकों जैसे रोटावेटर, सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर के उपयोग संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान सरपंच कैलाश अहिरवार, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी राघवेन्द्र अहिरवार, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर नरेंद्र रघुवंशी, क्षेत्रीय पटवारी प्रियंका कनारे एवं पंचायत सचिव कमलेश अहिरवार मौजूद रहे।

## नवभारत साक्षरता परीक्षा: शमशाबाद में 6 हजार 900 लटेरी में 8185 ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत नटेरन विकासखंड में असाक्षरता मिटाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। विकासखंड के 264 परीक्षा केन्द्रों पर 6900 नवसाक्षरों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा दी।

सकतपुर केंद्र पर बच्चों द्वारा साक्षरता नाटक प्रस्तुत किया गया और नवसाक्षरों का स्वागत फूलमालाओं से किया गया। विकास खंड स्त्रोत समन्वयक ईश्वर शर्मा ने बताया कि 2011 की जनगणना के अनुसार विकासखंड में 91,520 असाक्षर हैं। इस बार 7100 नवसाक्षरों को शामिल करने का लक्ष्य था, जिसमें से 6900 ने परीक्षा दी। परीक्षा का आयोजन नियमानुसार शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हुआ। साक्षरता समन्वयक शैलेश भार्गव ने जानकारी दी कि सकतपुर केंद्र पर ग्राम सरपंच लाखन सिंह मैना और



विद्यालय स्टाफ ने नवसाक्षरों का फूलमालाओं और रंगोली से स्वागत किया।

ग्राम के अक्षरसाथी अशोक कुशवाह को नियमित साक्षर कक्षाओं के संचालन के लिए सम्मानित किया गया। यहां चिन्हित 32 असाक्षरों में से सभी ने परीक्षा दी। विशेष बात यह रही कि नवसाक्षर चैन सिंह मैना और रामसिंह मैना ने अब पढ़ना-लिखना सीखकर बैंक खाते से स्वयं लेन-देन जैसे दैनिक कार्य करना शुरू कर दिया है।

## कांग्रेस के गले नहीं उतरी व्यवसाय के लिए प्रतिबंधित सड़क पर चौपाटी बनवाने की बात, कहा: मरीजों की हो जाएगी फजीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार को विधायक मुकेश टंडन ने जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, और केंद्रीय विद्यालय का निरीक्षण कर साफ सफाई एवं स्वच्छ सेवाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ अनूप वर्मा से कहा कि चिकित्सालय के बाहर के क्षेत्र में बबूल के पेड़ों की कटाई कर शानदार गार्डन बनाया जाए। जो लागत आएगी वह विधायक निधि से देंगे। ऑटो स्टैंड भी बने ताकि ऑटो चालकों को कोई असुविधा न हो। मरीजों के परिजनों को खुले में रुकना पड़ता है या रेनबसेरे में जाना पड़ता है इसलिए एक शेड का निर्माण कराया जाए। विधायक मुकेश टंडन ने मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर मनीष निगम से कहा कि इसके लिए जो भी जो राशि लगेगी वह भी मैं अपनी निधि से उपलब्ध कराऊंगा। उन्होंने कहा शहरी विकास के अंतर्गत इस रोड पर एक चौपाटी बनाई जाएगी। इस बात पर कांग्रेस ने बड़ा सवाल खड़ा किया है। नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि अस्पताल के आसपास साइलेंस जोन घोषित है। इस सड़क पर दुकानें और ठेले लगना तक प्रतिबंधित है और विधायक यहां चौपाटी निर्माण की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि चौपाटी निर्माण होने से मरीजों की फजीहत हो जाएगी। चौपाटी बनने से यह सड़क आसमाजिक तत्वों का अड्डा बन जाएगी।



विदिशा। मेडिकल कॉलज रोड पर असामाजिक तत्व छात्राओं से छेड़छाड़ करते हैं। डीन मनीष निगम ने विधायक टंडन से हाई मास्ट लाइट लगवाने की मांग की है।

### नवरात्रि में प्रज्वलित होंगी अखंड ज्योति

**विदिशा।** किरी मोहल्ला स्थित रघुनाथ जी के मंदिर में नवरात्र में अखंड ज्योतियां प्रज्वलित कर माता की आराधना की जाएगी।

पं. नारायण प्रसाद शर्मा ने बताया कि 22 सितंबर सोमवार को भक्त श्रद्धालुओं को संकल्प दिलाकर उनके नाम से अखंड ज्योतियां प्रज्वलित की जाएंगी। पूरी नवरात्र मैया की सेवा, आराधना, भजन, पूजन, महाआरती एवं प्रसाद वितरण आयोजित होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि जो भी भक्तजन अपने या अपने परिजन के नाम से अखंड दीप प्रज्वलित करवाना चाहते हैं वे श्री रघुनाथ जी के मंदिर किरी मोहल्ला में आकर संपर्क कर सकते हैं।

पंडित नारायण प्रसाद शर्मा ने बताया कि नवरात्र के दौरान नौ दिन तक दीपक जलाए रखने से घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है और सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं। इसलिए नवरात्रि के पहले दिन संकल्प करते हुए अखंड दीपक को जलाना चाहिए।

## मां कामाख्या की दिव्य अखंड ज्योति का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

शनिवार को नगर में माता बाग मंदिर परिसर में मां कामाख्या शक्ति पीठ से लाई गई अखंड दिव्य ज्योति का आगमन हुआ। यात्रा का प्रारंभ शनिवार सुबह ग्राम बरबाई से हुआ। जहां से विशाल गाड़ियों के काफिले के साथ ढोल-ढमाकों और गाजे-बाजे के बीच यात्रा निकली। यह यात्रा मेहलुआ, भौंरसा से होती हुई बीना तिराहे पहुंची। जहां भक्तों ने



पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर मां कामाख्या की आरती उतारी। माता बाग मंदिर पहुंचने पर समिति अध्यक्ष पंडित अनिल कुमार चौबे ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां की अगवानी की और मां बिजासन तथा माँ कामाख्या के दिव्य मिलन का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

इस वर्ष यात्री दल में सुरेश कुशवाह, सुनील प्रजापति, विनोद कुशवाह, कार्तिक चौबे, राहुल लोधी और मुन्ना पाल शामिल रहे। जिन्होंने मां कामाख्या से अखंड ज्योति लाने का सौभाग्य प्राप्त किया। बीना तिराहे पर समिति द्वारा यात्रियों का शॉल एवं पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया गया।

## संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम के तहत आज निकाली जाएगी साइकिल रैली

**विदिशा।** जिला प्रशासन द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आज रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम के माध्यम से विदिशा की सड़कों पर दौड़ेगी साइकिल रैली। जिले के नागरिकों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों की भव्य सहभागिता से साइकिल रैली निकाली जाएगी। जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत ने बताया कि रविवार को आयोजित सायकिल रैली का सुबह 7:30 बजे एसएटीआई परिसर से शुरू होगी जो पीतल मिल चौराह, ओवरब्रिज खरीफाटक रोड, माधवगंज चौराह, स्टेशन पेट्रोल पंप, नगरपालिका, नीमताल, बस स्टैंड व यातायात थाना मार्ग से होते हुए जिला खेल परिसर स्टेडियम में संपन्न होगी। साइकिल रैली का उद्देश्य नागरिकों को सेवा पखवाड़ा अभियान के महत्व से जोड़ना तथा फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। प्रशासन ने रैली में शामिल होने की अपील की है।

### गणेशोत्सव 2025 की झांकियों को पुरस्कार वितरित किए गए

## पुरस्कार बांटे, 165 झांकी सम्मानित, परंपरागत प्रतिमाओं को बढ़ावा देने एआई निर्मित मूर्तियों के बहिष्कार का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

हिंदू उत्सव समिति ने शनिवार को गणेश उत्सव 2025 की झांकियों के पुरस्कार वितरित किए।

शहनाई गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुकेश टंडन मौजूद रहे। अध्यक्षता विदिशा-रायसेन क्षेत्र के विभाग प्रचारक सौरभ सिंह भाईजी ने की। विशिष्ट अतिथियों में एसपी रोहित काशवानी, संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह, सीएसपी अतुल सिंह उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि इस वर्ष लगभग 165 पूर्व पंजीकृत झांकियों को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। हिउस समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने कहा कि गणेश उत्सव की झांकियां सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देती हैं तथा भगवान गणेश की बुद्धि, समृद्धि और शुभ भाग्य का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव की शुरुआत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीयों को एकजुट करने और राष्ट्रवाद की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से की थी। मंच संचालन मनोज नारायण शास्त्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान एआई निर्मित मूर्तियों के बहिष्कार का आव्हान किया गया और पारंपरिक स्वरूप में प्रतिमाएं स्थापित करने की अपील की गई।



## चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने मां दुर्गा के स्वरूप और आधुनिक भारत को कला में जीवंत किया

- रचनात्मक ऊर्जा से भरा रहा पूरा संग्रहालय परिसर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पुरातत्व विभाग ने जिला संग्रहालय में शक्ति स्पंदन अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता का विषय शिव पखवाड़ा और आगामी नवरात्र पर्व था।

जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्रों ने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों को अपनी कला में उतारा। कुछ विद्यार्थियों ने प्राचीन भारतीय इतिहास और धरोहरों को चित्रित किया। कई प्रतिभागियों ने आधुनिक भारत की झलक अपनी कृतियों में दिखाई। पुरातत्व विभाग के अधिकारी रामनिवास शुक्ला ने बताया कि 'शक्ति स्पंदन' नाम शिव पखवाड़े और नवरात्र के बीच के संबंध को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित रहे। संग्रहालय परिसर बच्चों की रचनात्मक ऊर्जा से भरा रहा। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागी बच्चों के कला कौशल और मौलिक विचारों की सराहना की। यह प्रतियोगिता बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत के महत्व को भी उजागर करती है।

## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-2936
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2500
उच्चतम भाव- 2756
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2468
उच्चतम भाव- 2511
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5860
मसूर
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-6361
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2320
उच्चतम भाव- 3150
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3080
उच्चतम भाव-4550
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7560
मूंग
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव- 7280
धनिया
न्यूनतम भाव-6760
उच्चतम भाव- 6760
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6100
धान
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-2200
तुअर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5500
बटरी
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव- 2000

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 2983 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

# पाराशरी नदी का प्राकृतिक बहाव मोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

नगर के वार्ड नंबर 24 के पास पाराशरी नदी का रास्ता मोड़े जाने के बाद अब वार्ड नंबर 24 के उन घरों पर खतरा मंडरा रहा है, जो बिल्कुल नदी के घाट के पास बने हुए हैं। बताया जाता है कि कुछ लोगों ने 2012 में नदी का प्राकृतिक बहाव अपने स्वार्थ और फायदे के लिए खुदाई करके मोड़ दिया था। जिसके चलते अब सीधा पानी लोगों के मकानों तक कटाव करते पहुंच रहा है। शनिवार को नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने उस स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां के रहवासियों ने उनको समस्या बताई और निराकरण कराए जाने की मांग की। ज्ञात हो कि 2012 में नदी के प्राकृतिक बहाव को मोड़कर नदी को सीधा कर दिया गया। जिसके चलते अब किनारों का कटाव हर साल होता जा रहा है। जिससे यहां के रहवासियों में अब यही डर है कि बारिश के समय उनके घर अचानक भरभरा कर गिर ना जाएं। यहां कई घर तो ऐसे हैं कि उन्होंने अपने पीछे के हिस्सों में रहना ही छोड़ दिया है।



# जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता जीती



गंजबासौदा। शनिवार को सिरोंज में आयोजित जिला स्तरीय सीनियर वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में बासौदा विकासखंड की बालक वर्ग और बालिका वर्ग की टीमों ने अपने-अपने फाइनल मैच जीतकर विजेता का खिताब प्राप्त किया। बालक वर्ग में बासौदा ने लटेरी को और बालिका वर्ग में बासौदा ने सिरोंज को लंबे अंतराल से हराया। विजेता टीम के खिलाड़ी 25 सितम्बर को शुजालपुर में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विदिशा जिले की ओर से सम्मिलित होंगे, इसमें उत्कृष्ट विद्यालय के पांच खिलाड़ी सम्मिलित होंगे। खिलाड़ियों की सफलता पर प्राचार्य एमसी शर्मा सहित सभी विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों और कोच को बधाई देते हुए संभागीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

### दो दिन तक अवकाश की बात को प्राचार्य ने नकारा

# ड्रॉपआउट बच्चों के सर्वे के कारण संदीपनि स्कूल में कक्षाएं हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

नगर के राजेन्द्र नगर में संचालित सीएम राइज स्कूल यानि सांदीपनी विद्यालय के अधिकांश शिक्षकों के सर्वे में लगे होने से दो दिन से कक्षाओं का संचालन प्रभावित हुआ है। बताया जाता है कि दो दिन तक विद्यालय में अवकाश रहा, लेकिन प्राचार्य ने एक दिन कक्षाएं न लगने की बात स्वीकार करते हुए दूसरे दिन अवकाश होने की बात नकार दी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके।

जानकारी के अनुसार नगर के शासकीय राजेन्द्र नगर शासकीय स्कूल परिसर में ही सीएम राइज स्कूल यानि सांदीपनी स्कूल का संचालन किया जा रहा है। जहां कक्षा केजी 1 से 12 वीं तक की कक्षाओं का संचालन किया जाता है। इस विद्यालय में 37 शिक्षक हैं और सभी कक्षाओं में अध्यापन कराते हैं। सूत्रों के अनुसार गत दिवस शुक्रवार और आज शनिवार को स्कूल के अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी अप्रवेशी और ड्रॉप आउट बच्चों के सर्वे में लगाई गई थी। जिससे कक्षाएं संचालन के लिए शिक्षक उपलब्ध नहीं थे। इस कारण गत दिवस कक्षा केजी 1 से 10 वीं तक और शनिवार को कक्षा 1 से लेकर 8 वीं तक की कक्षाओं का अवकाश रहा। अचानक बिना किसी पूर्व सूचना या आदेश के अवकाश घोषित होने से स्कूल संचालन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस बात को लेकर संस्था प्राचार्य से लेकर जिला शिक्षाधिकारी तक कोई भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। हालांकि इस संबंध में संस्था प्राचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने एक चैनल की बाइट में दो दिनों तक शाला की कक्षाएं प्रभावित रहने की बात कही है। जबकि हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कक्षाओं की छुट्टी की खबर को पूरी तरह झूठ बताया। अपनी सफाई में उन्होंने स्पष्ट किया कि शुक्रवार को सुबह की पाली की कक्षाओं के बच्चे कम और शिक्षक कम होने से कक्षाएं न लगने की बात कही। जबकि शनिवार को कक्षाओं के संचालन प्रभावित न होने की बात कही।

उनका कहना था कि गत दिवस कई शिक्षक सर्वे में लगे थे और वे भी जेडी ऑफिस गए थे। जबकि आज बालरंग प्रतियोगिता के लिए बच्चे विदिशा गए थे। दूसरी ओर जिला शिक्षाधिकारी एसपी सिंह जाटव से इस संबंध में चर्चा की गई तो उनका कहना था कि कक्षाओं के अवकाश का न तो कोई निर्देश है और न ही कोई सूचना दी गई थी। गत दिवस गंजबासौदा प्राचार्य जेडी आफिस गए थे और प्रभारी प्राचार्य इस पूरे मामले में जानकारी स्पष्ट कर सकेंगे। वहीं शनिवार को कक्षाएं यथावत लगने की बात कही गई।




# तीन दिवसीय निशुल्क आयुर्वेद शिविर का हुआ शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

समाधिस्थ संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की प्रेरणा एवं नवाचार्य 108 समय सागर महाराज के आशीर्वाद से निर्यापक श्रमण मुनि 108 संभवसागर महाराज ससंघ एवं महंत महेशदास त्यागी महाराज के मंगल सानिध्य में पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ जबलपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद परामर्श एवं निदान शिविर का शुभारंभ आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र अनावरण और दीप प्रज्वलित कर मूलीबाई मेहता धर्मशाला परिसर में किया गया। इस अवसर पर मुनि संभव सागर महाराज ने आयुर्वेद की उपयोगिता बताते हुए कहा कि अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए, हमें प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद की ओर लौटना होगा। वहीं महंत महेश्वर दास त्यागी महाराज ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज अदभुत श्रेष्ठ संत थे। हम सभी उनके बताए हुए मार्ग और उनके द्वारा स्थापित आयामों को आगे बढ़ाते हुए, हम सभी को उनका अनुसरण करना है। शिविर में पूर्णायु आयुर्वेद अनुसंधान विद्यापीठ के वरिष्ठ अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. स्वनिल सिंघई, डॉ.अर्पण जैन, डॉ. शैलेश जैन, डॉ. शशांक जैन, डॉ.सलिल जैन, डॉ. दीप्ति जैन, डॉ.स्वाति जैन और उनके सहयोगी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिसमें आयुर्वेद, योगा, प्राणायाम, पंचकर्म द्वारा उपचार एवं जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, साईटिका, त्वचा रोग, लिवर रोग, किडनी रोग, डायबिटीज,पेट संबंधी बीमारी, माईग्रेन, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, अनिद्रा आदि तथा मस्सा एवं चाई का तुरंत उपचार वहीं लीच थैरेपी एवं रक्त मोक्षण द्वारा चर्म रोगों एवं जोड़ों के दर्द का उपचार किया जा रहा है।

इस अवसर पर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति ट्रस्ट एवं सकल जैन समाज के पदाधिकारियों द्वारा पूर्णायु से आए सभी चिकित्सकों का सम्मान किया गया। शिविर के प्रथम दिन सभी रोगों के 698 रोगियों का स्वास्थ परीक्षण कर 566 लोगों को निःशुल्क दवाएं प्रदान की गई। उक्त जानकारी शिविर संयोजक वीरेन्द्र जैन ने दी।

## खबर संक्षेप

### स्कूल छत से गिरकर कर्मचारी गंभीर घायल

गंजबासौदा। शनिवार को शाम के समय डॉल्फिन स्कूल की बिल्डिंग से गिरकर एक स्कूल कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डाल्फिन स्कूल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संतोष श्रीवास्तव शाम के समय स्कूल बंद करने के पूर्व छत पर सामान्य निरीक्षण करने गए थे, तभी अज्ञात कारणों से वे छत से नीचे आ गिरे। घटना के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया। इस दौरान एक बार फिर 108 एंबुलेंस की लापरवाही सामने आई और करीब पौन घंटे तक मरीज को एंबुलेंस नहीं मिली। बाद में मीडियाकर्मियों एवं नागरिकों के हस्तक्षेप के बाद गंभीर घायल मरीज के लिए एक एंबुलेंस उपलब्ध हुई और फिर उसे उच्च उपचार के लिए विदिशा पहुंचाया गया। यहां उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी 108 एंबुलेंस की लापरवाही से कई गंभीर मरीजों की जान जा चुकी है और कई बार शिकायतें भी हो चुकी हैं, इसके बाद भी एंबुलेंस सेवा दुरुस्त नहीं हो पा रही है।

# अनाज व तिलहन व्यापारी संघ ने किया पुलिस का सम्मान



गंजबासौदा। शनिवार को योगेश्वरी होटल में पूर्व विधायक निशंक जैन, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद प्रतिनिधि, अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ के पदाधिकारी, व्यापार महासंघ के विपिन तिवारी नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं उनकी पूरी टीम का शाल , श्रीफल से सम्मान किया गया। उक्त आयोजन योगेश्वरी होटल में शाम के समय किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी रोहित काशवानी ने कहा कि पुलिस भगवान नहीं है, कोई भी नहीं चाहेगा कि उसकी बीट में विवाद हो। आपने हम पर विश्वास जताया है, फोर्स कम है। मैं पब्लिक के लिए नौकरी में आया हूं, हम आपकी सेवा में लगे रहते हैं। झांकियों के समय आप लोग सतर्क रहें और माता बहिनों को सतर्क करें कि भीड़ वाले स्थानों पर जेवर पहन कर न जाएं। मंडी में चौकी के लिए प्रस्ताव भेज रहे है , आप सीसी टीवी कैमरे दुकान और अपने प्रतिष्ठान के बाहर जरूर लगाएं। पुलिस को मिली सफलता में हमारी पूरी टीम ने काम किया है। इस अवसर पूर्व विधायक निशंक जैन ने बताया कि मंडी में बैंक प्रबंधन ने अपनी शाखा खोलने का प्रस्ताव आमंत्रित किया है।

# हिंदी भाषा एवं प्रतियोगिता पर केंद्रित प्रश्न मंच आयोजित

गंजबासौदा। शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित हिंदी भाषा एवं प्रतियोगिता पर केंद्रित प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के निर्देशन एवं कार्यक्रम के प्रभारी घनश्याम चौकसे, डॉ. सुधा पाठक एडों मोनिता नेमा एवं डॉ सपना श्रीवास्तव के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें हेमलता मीणा, नामिका कुशवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रौनक रघुवंशी, संजना रघुवंशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छाया मिश्रा, नंदिनी दांगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेघा कुशवाहा, रेशमा अहिरवार आदि छात्र, छात्राओं ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ. रेखा जांसल, डॉ. पवन जैन, डॉ. हरिनारायण, अभिषेक सिंह, डॉ.सुनील पाटीदार आदि महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा सांसद खेल महोत्सव के संबंध में विद्यार्थियों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्होंने बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को इस खेल महोत्सव में पंजीयन हेतु प्रेरित किया।



### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत निकाली जागरूकता रैली



गंजबासौदा। शनिवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत नगर पालिका परिषद की ओर से सेंट आरएसएस स्कूल, नवांकुर विद्यापीठ, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, डॉल्फिन स्कूल के छात्रों द्वारा रैली निकाली गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में सभी स्कूल प्राचार्य तथा एग्रीकल्चर कॉलेज सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर नागरिकों के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ के साथ एलबीएस कॉलेज से जयस्तंभ चौक तक जागरुकता रैली निकाली गई।

### रक्त सेवा समिति के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन

# रक्तदान विषय पर सेमिनार आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

रक्तदान विषय पर सेमिनार में आज हजारों संख्या में छात्र-छात्राएं और गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में रक्त सेवा समिति मध्य प्रदेश के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में रक्तदान का सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें एनसीसी, एनएसएस और स्काउट गाइड के साथ-साथ नगर के समाजसेवी, राजनीतिक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। रक्त सेवा समिति के सभी सक्रिय पदाधिकारी के साथ भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल और ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। सेमिनार का शुभारंभ विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, राजेश तिवारी संस्थापक एवं प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य, राकेश जैन विद्युत अध्यक्ष ने किया।

सेमिनार को संबोधित करते हुए अनिल दुबे ने रक्त सेवा समिति के 25 वर्षों के कार्य एवं सेमिनार का महत्व बताया। शुभेंद्र सिंह राजपूत ने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरणा दी। नवांकुर प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित ने सब बच्चों को रक्तदान करने के लिए एवं रक्तदान जीवनदान है के संदर्भ में मोटिवेट किया। डॉक्टर प्रमेंद्र तिवारी ने रक्त के प्रकार, रक्तदान कौन कर सकता है, उसके संदर्भ में सभी छात्र-छात्राओं को समझाया। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने समिति की उपलब्धि और रक्तदान के महत्व को प्रतिपादित किया। राजेश तिवारी संस्थापक ने रक्तदान, रक्त सेवा समिति के कार्य एवं रक्तदान से संबंधित छात्र-छात्राओं से प्रश्न पूछ कर उनका ज्ञानवर्धन किया और सही उत्तर देने वालों का सम्मान भी किया। आभार व्यक्त समिति के अध्यक्ष राकेश जैन विद्युत ने किया।

कार्यक्रम का संचालन रविंद्र जैन ने किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुशवाह ने बताया कि अभी हमारा जिला रक्तदान में प्रथम स्थान पर है। शिविर में 50 महिलाओं का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया और रक्त परीक्षण शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में 1000 से अधिक छात्र, छात्राएं और नागरिक मौजूद थे।

### स्कूटी सवार को बचाने में अनाज से भरा ट्रक पलटा




गंजबासौदा। शनिवार को शाम के समय त्योंदा रोड पर बैतोली डिपो के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम के समय स्कूल से लौट रही शिक्षिका को बचाने के चक्कर में अनाज से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस दौरान शिक्षिका बाल बाल बच गई। लेकिन उक्त शिक्षिका की स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना स्थल पर रहवासियों एवं राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई।

# भागवत कथा को लेकर निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

नगर के गांधी चौक सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होकर चाचा वाली गली जितेंद्र कुशवाहा के निवास पर पहुंची। पितृ माह में कथा का विशेष महत्व कलश यात्रा का विशेष महत्व बताते हुए आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने कहा कि सनातन धर्म में भागवत कथा का विशेष महत्व होता है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं यही बल्कि आध्यात्मिक जागरण और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सार भी है। किसी भी भागवत कथा के शुभारंभ से पहले कलश यात्रा निकालने की परंपरा है,जो पूरे आयोजन को शुभता प्रदान करती है। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। यात्रा में भक्तगण भजन-कीर्तन करते हुए शामिल रहे।



### शांति समिति की बैठक आयोजित

गंजबासौदा। आगामी समय में त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक शनिवार को पटवारी सभागृह में आयोजित हुई। शांति समिति की बैठक में आगामी त्योहारों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और झांकी समिति के संचालक मौजूद रहे। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने नवीन मेला ग्राउंड में दशहरा उत्सव की तैयारियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने मैदान से अतिक्रमण हटाने और जर्जर मंच की मरम्मत की मांग रखी। रावण दहन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर भी विचार किया गया। नवरात्रि को देखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नवदुर्गा उत्सव को ध्यान में रखते हुए नो-एंट्री का समय सुबह 4 बजे से रात 11-12 बजे तक किया गया। बेतवा नदी के पास बड़े कुंड के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। मीट की दुकानों को एक स्थान पर व्यवस्थित करने और डस्टबिन की व्यवस्था का सुझाव भी दिया गया। बैठक में त्योहारों के दौरान मेंटेनेंस कार्य रोकने और विद्युत व्यवस्था सुधारने की मांग भी की गई।

## खबर संक्षेप

### रामदुलारी साहू का निधन अंतिम संस्कार आज

**सागर।** न्यूज़ पेपर एजेंट कमल साहू, बृजेश साहू की माता राम दुलारी साहू 90 वर्ष पत्नी स्वर. रामचरण साहू का देवलोक गमन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज रविवार को सुबह 11 नरयावली नाका मुक्तिधाम पर किया जावेगा। अपने पीछे चार पुत्रों नंदकिशोर, कन्हैयालाल कमल एमपीईबी, एडवोकेट जितेंद्र एवं बृजेश साहू एवं दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

### मंत्री प्रहलाद पटेल होंगे नमो युवा मैराथन में शामिल

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 21 सितम्बर को प्रातः 7 बजे सिटी स्टेडियम, जिला सागर पहुंचेंगे। जहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूरे देश में चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नमो युवा मैराथन में शामिल होंगे।

### मंत्री गोविंद राजपूत रक्त दान शिविर में होंगे शामिल

**सागर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत 21 सितंबर को दोपहर 1.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुरखी में आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लेंगे। यह शिविर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य जनसेवा की भावना को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है।

### शाहगढ़ में मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण

**सागर।** नशे के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण हेतु शाहगढ की मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण दल के द्वारा किया गया। दल मे ड्रग इंस्पेक्टर सोनम जैन, नायब तहसीलदार विनोद सिंह, पटवारी उपस्थित रहे ।

### हरिभूमि से चर्चा में सांसद बानखेड़े ने बताई पीएम की जन्मभूमि बड़नगर की यादें

# सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन





राजीव जैन सैनानी ▶▶ सिरोंज

सेवा पखवाड़े के रूप में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन देशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर सागर-सिरोंज संसदीय क्षेत्र सांसद डॉ लता वानखेडे ने नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाडे के दौरान बताया कि कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार महासभा के 45वें अधिवेशन में सम्मिलित होने के लिए में गुजरात का नगर बडनगर से मात्र 30 किलो मीटर दूर विशनगर पहुची थी।

इस अधिवेशन के दौरान वह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मभूमि बडनगर भी पहुची। वही उन्होने हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सैनानी से चर्चा के दौरान बताया कि गुजरात का नगर बड़नगर सच में बड़भागी है यहाँ जन्मे लाल ने भारतवर्ष का नेतृत्व किया और पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। मैं बात कर रही हूं वैश्विक नेता और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की। बड़नगर उनकी जन्मभूमि है। लंबे समय से इच्छा थी इस गौरव भूमि के दर्शन किया जाए। गत 15 अप्रैल को ईश्वर कृपा से यह इच्छा पूरी हुई। संयोग बना कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार महासभा के 45 वें अधिवेशन में विशनगर जाने का विशनगर से मात्र 30 किलोमीटर दूर है ॠबड़नगरॠ। मेहसाणा जिले की तहसील है ॠबडनगरॠ। हमारे मेजबान विशनगर निवासी जितेंद्र भाई एवं आशाबेन पटेल के सौजन्य से बड़नगर प्रवास हुआ। मेरे लिए तो बड़नगर जाना एक गौरवस्थल जाने जैसा था और मैं वहां से बेहतरीन अनुभूति लेकर लौटी।

### देश की दशा और दिशा बदलने का किया अद्भुत कार्य

उन्होने कहा कि हमारे प्रिय नेता एवं जननायक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन्म भूमि बड़नगर अपने अतीत में भी गौरवशाली विरासत समेटे है। यह पौराणिक काल में प्रसिद्ध ऋषि याज्ञवल्क्य की जन्मभूमि एवं तपोभूमि भी है। यहाँ के निवासी अतीत और वर्तमान के गौरव बोध को बहुत गौरव के साथ बताते हैं। इस भूमि के प्रति मैं भी भक्तिभाव से भरी हुई थी। सोच रही थी कि कितनी पुण्य पावन भूमि हैं जिसने नरेंद्र मोदी के रूप में ऐसे लाल को जन्म दिया जिसने देश की दशा और दिशा बदलने का अद्भुत और अद्वितीय कार्य किया। पूरी दुनिया में अपने व्यक्तित्व का लोहा मनवा दिया। हमने श्री मोदी का वह घर देखा जहाँ उनका जन्म हुआ था बचपन से लेकर किशोर अवस्था तक अपना संघर्षमय जीवन बिताया था। संकरी गली में मोदी जी के घर जाना हुआ घर की उस भूमि को प्रणाम किया। साथ ही हमने उस स्कूल के भी दर्शन किए जहाँ मोदी जी ने शिक्षा ग्रहण की थी। मेरे लिए बहुत ही भावपूर्ण और यादगार लम्हे थे वयोवृद्ध विदुषी माता हीरा बा से साक्षात्कार के। श्रीमती हीरा बा मोदी भी शिक्षिका रही हैं। उन्होंने मोदी जी को पढ़ाया है। वे भी अपने विद्यार्थी नरेंद्र मोदी को याद कर अतीत में खो जाती थी। वे बताती थी कि ॠनरेंद्र बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। हीरा बा खुद को भाग्यशाली मानती थी कि उनका विद्यार्थी देश का प्रधानमंत्री है और अपने असाधारण कार्यों से जन-जन में लोकप्रिय हैं। वे बताती हैं कि जब नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने उनका सम्मान किया था। वह सहृदय हैं और धरती से जुड़े हैं।

### चाय बेचकर चलाते थे अपनी आजीविका

वही उन्होने बताया कि उन्हें भगवान हाटकेश्वर के मंदिर जाने का सौभाग्य मिला। नरेन्द्र मोदी भगवान हाटकेश्वर की पूजा करने आते थे। वह सुंदर तालाब भी देखा जिसके बीच में सुंदर मंदिर स्थित है। मुझे वहाँ बताया गया कि नरेंद्र मोदी तैरकर उस मंदिर में जाते थे और वहाँ जाकर दीपक जलाकर पूजन करते थे। इस तालाब और मोदी जी के साहस का एक किस्सा और सुनने मिला। इस तालाब से एक मगरमच्छ को पकड़कर मोदी जी अपने घर ले गए। तब माँ ने देखा तो हतप्रभ और घर के सभी लोग डर गए। माँ के कहने पर मोदी जी ने मगरमच्छ को वापस तालाब में छोड़ दिया। नरेंद्र मोदी बचपन से ही निडर और साहसी थे। रेलवे स्टेशन पर हमने वह चर्चित चाय की दुकान भी देखी जहां अपने संघर्ष के दिनों में चाय बेचकर अपनी आजीविका चलाते थे। वह दुकान आज भी उसी स्वरूप में वहां स्थित है। सांसद डॉ लता बानखेडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म स्थान बड़नगर की यात्रा मेरे जीवन की यादगार यात्रा रही। वहाँ के लोगों से संवाद भी सुखद अनुभति करा गया। बड़नगर का अम और खास सभी वर्ग के लोग अपने नगर के बेटे को देश के शीर्ष मुकाम पर देख खुश है और गौरव से भरे हुए है। हमने वहां की सांस्कृतिक धरोहर, 10 तरह के राग की प्रस्तुतियाँ, स्मारक, ताना-रीरी गार्डन, तालाब टापू, ऑडिटोरियम, घंटाघर इत्यादि का भ्रमण कर आनंद लिया। इस प्रवास में मेरी सहयात्री श्रीमती उषा रामखेलावन पटेल, श्रीमती नीलू रावत, नमिता वानखेडे, अमित पटेल इस यात्रा के निमित्त बनने के लिए मुझे धन्यवाद दे रही थी। पर मुझे लगा कई दिनों से बड़नगर आने की इच्छा अभी पूरी होने में ईश्वर की कृपा है। बड़नगर जाने से एहसास हुआ कि छोटे से नगर और साधारण परिवार से अपने जीवन यात्रा शुरू करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पुरुषार्थ और लगन के बल पर यह शिखर पाया है। वे लोगों के दिलों पर राज करते हैं। हम सभी लोगों के लिए वे प्रेरणा स्त्रोत है मैं अपने प्रिय नेता नरेंद्र मोदी की जन्म भूमि को प्रणाम कर वापस आई।

### पोषण संजीवनी नवाचार की शुरुआत

# कुपोषितों को किया पोषण संजीवनी किट का वितरण



**सिरोंज।** महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में कुपोषित बच्चो को पोषण संजीवनी नवाचार की शुरूआत की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनिता के मार्गदर्शन में परियोजना कार्यालय सिरोंज में संजीवनी किट का वितरण किया गया। साथ ही कुपोषण के प्रमुख कारण के बारे में बताते हुए सेक्टर पर्ववेक्षक द्वारा पात्र हितग्राही को किट का वितरण किया गया। साथ ही कुपोषित बच्चों को एनआईसी में भर्ती करने हेतु जानकारी दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम में सेक्टर पर्ववेक्षक अनिमा कुजूर,नसरीन,इमा बेला द्वारा विस्तार पूर्वक महिलाओं व बच्चो को कुपोषण से बचाव के बारे में बताया गया। इस दौरान आगंनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका सहित बडी संख्या में महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहें।

### स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार की शुरुआत

एकीकृत बाल विकास के तहत महिला एंव बाल विकास मंत्रालय के आठवें पोषण माह अभियान के तहत 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक आगनबाडी केन्द्रो पर विभिन्न गतिविधियो का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत महिलाओ,किशोरियो,बच्चो को पोषण परामर्श और स्वास्थ जांच संबंधी जानकारी दी जा रही है। इसका उध्येश्य सामुदायिक स्तर पर महिला केन्द्रित निवारक और प्रोत्साहनत्मक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस मौके पर अभियान के दौरान सेक्टर पर्यवेक्षक व आंगनबाडी कार्यकर्ता शोभा अहिरवार, रेखा, अनीता कुशवाह, रेखा शर्मा, रेखा चौरसिया, वंदना शर्मा, सुशीला,कुसुदामा, राखी बैरागी सहित वार्ड की महिलाएं व बच्चें मौजूद थे।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नपा ने चलाया सफाई अभियान



**सिरोंज।** स्वच्छता ही सेवा पखवाडा अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 5 व 6 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नपा ने नगर पालिका शादी हाल के समीप सीटीयू सफाई कराई गई। उक्त अभियान के अंतर्गत नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू,स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना व वार्ड पार्षद अजमल खान फहीम खान आदि मौजूद रहे।

### हाथी पर सवार होकर आ रही मां दुर्गा, देंगी खुशहाली का संदेश

# पितृमोक्ष अमावस्या आज, पितरों को तर्पण कर दी जाएगी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पिछले 15 दिनों से सनातनी परिवारों में सुबह पितरों के लिए विधि विधान से तपर्ण का नदियों, घरों एवं नर्मदा नदी में जल तर्पण का सिलसिला चल रहा था। आज रविवार को पितृमोक्ष अमावस्या पर पितरों को तपर्ण विशेष पूजन, ध्यान, अराधना के साथ समापन होगा। 15 दिनों से नगर एवं क्षेत्र में अपने पूर्वजों के लिए श्राद्ध, ब्राम्हण भोजन का कार्य भी चल रहा था।

### हाथी पर सवार होकर आएंगी जगत जननी

सोमवार को शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरूआत हो रही है। इस नवरात्रि में माँ दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही है। हाथी को शांति समृद्धि और खुशहाली वाहन का प्रतीक माना जाता है। अर्थात नवरात्रि के दौरान माँ दुर्गा की अराधना, पूजन से भक्तों को विशेष पुण्य लाभ, फल प्राप्त होगा। सबसे बडी बात तो यह है कि नवरात्रि 9 दिन नहीं बल्कि इस साल 10 दिनों की है। नगर के दो दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर मातारानी की प्रतिमा स्थापना के लिए झांकी, पंडालों का निर्माण हो रहा है। वही दुर्गा देवी मंदिरों की विशेष सजावट भी की जा रही है। बडा बाजार, छोटा बाजार, होली चौक, छीपा मोहल्ला, दालमिल मोहल्ला, नाहर कालोनी, नाहर नगर, किनगी रोड़, प्रेम नगर कालोनी, बस स्टेण्ड, हॉकी मैदान, चैनपुर रोड, पशु चिकित्सालय रोड, इमली वाला माता, उदयपुरा नाका, विधुत मंडल सहित अन्य स्थानों पर माँ दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर धूमधाम, उत्साह के साथ नवरात्रि पर्व मनाने देवी भक्त नर-नारी सक्रिय बने हुए हैं।



खेरापति माता मंदिर, शक्तिधाम मंदिर, काली मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित दुर्गा मंदिर, मंडी गेट के सामने स्थित दुर्गा मंदिर, चौधरी चौक स्थित दुर्गा मंदिर में नवरात्रि पर्व को देखते हुए विशेष सजावट, सुबह शाम आरती, पूजन इत्यादि की व्यवस्थाए की जा रही हैं माँ दुर्गा के पंडालों में शुभ मुहूर्त में प्रतिमाओं और घट स्थापना की जाएगी वहीं आयोजक अंतिम तैयारियों में जुटे हुए हैं और पूरे दस दिनों तक बरेली नगर में गरबा, डांडिया सहित धार्मिक कार्यक्रम की धूम रहेगी।

# सेवा भारती ने स्वावलंबी बनाने महिलाओं के लिए लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

सेवा भारती समिति द्वारा पिछले अनेक वर्षो से नगर के विभिन्न स्थानों पर संस्कार केंद्रों के माध्यम से शिक्षा संस्कार देने का कार्य किया जा रहा था। सेवा भारती द्वारा महिलाओं को स्व. रोजगार स्थापित करने स्वावलंबी बनाने की दिशा में केन्द्र खोलने एवं महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया।



**सिखाया बिजली सर्किट बनाना** - प्रशिक्षण शिविर में आई महिलाओं को बिजली का सर्किट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। भोपाल से आए बलराम, राजेश भार्गव, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दिनेश राजौरिया, नगर अध्यक्ष अवध नारायण सक्सेना, हीरेन्द्र मालवीय, दिलीप राठौर, प्राचार्य जय प्रकाश तिवारी,धन्नालाल रैकवार की उपस्थिति रही। महिलाओं को बिजली सर्किट बनाने की विधि बताई गई।महिलाओं को सर्किट बनाने की सामग्री दी गई, जिससे महिलाएं अपने घरों में समय अनुसार सर्किट बनाने की कला सीख सके

### धान की फसलों में लगा भरपूर पानी

# बादलों की तेज गर्जना के साथ हुई घण्टों बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

शनिवार को दिन में बिजली की चमक-दमक बादलों की गर्जना के साथ संपूर्ण क्षेत्र में हुई बारिश से मौसम बदल गया। घंटो हुई बारिश से धान के खेतों में भरपूर पानी हो जाने से किसानों को फसलों में पानी देने से छुट्टी मिल गई है। बारिश के असर से दिन-रात बनी गर्मी, असहनीय उमस से लोगों को राहत मिल गई। क्वांर का महीना चल रहा है। पिछले कईं दिनों से बारिश न होने के कारण धान की फसलों में पानी की कमी होने के साथ रोगों का प्रकोप भी बना हुआ था। सबसे अधिक जड़ माहू, काली सफेद माहू के प्रकोप से धान की फसलें प्रभावित और बर्बाद होने की कगार पर पहुंच रही थी। जोरदार बारिश से पौधों, पत्ती में लगी माहू गिर जाने की स्थिति में फसलों को लाभ हो सकता है। बारिश रबि फसलों के लिए खेतों में बखरनी बोवनी के लिए लाभप्रद हो सकती है।

### कई कार्य प्रभावित

नवरात्रि शुरू होने से पूर्व ही पंडालों में साफ सफाई और पुताई, रंग रोगन कराना शुरू कर दिया था। रात और दिन में हुई घंटो की बारिश से पुताई के कार्य प्रभावित हो गए है। माता रानी की स्थापना नवरात्रि पर्व मनाने लिए सज रही हैं।

# सर्रा केन्द्र पर किसानों ने समर्थन मूल्य पर बेची मूंग, अन्नदाताओं के नहीं बन पाए बिल

### महीनों बीत जाने के बाद भी अब तक मूंग का भुगतान नहीं, भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

किसानों ने भारी बारिश, जल भराव की बिगडी स्थिति के बीच ग्राम सर्रा के समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्र वेयर हाउस पर मूंग की तौल की। सहकारी संस्था छुछार द्वारा मूंग की खरीद की गई। परंतु एक महीना से अधिक समय बीत गया।

जिन किसानों ने समर्थन मूल्य पर मूंग बेंची बिल न बनने से उनका लाखो रू. का भुगतान अटका हुआ है। जब खरीद तौल के समय अव्यवस्था फैली थी। तब एसडीएम संतोष मुदगल द्वारा सर्रा केन्द्र का दौरा निरीक्षण किया गया था।

तौल खरीद कार्य में बारिश की बाधा से कार्य प्रभावित होने से किसानों में भारी असंतोष, आक्रोश बना था, जिसे किसी प्रकार समझा कर शांत किया गया था। किसानों का कहना है कि हमारी उपज खरीदी करने के बाद भी आखिर भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा एसी स्थिति में हम



40-50 किसानों के बिल न बनने से लाखों रूपये का भुगतान अटका हुआ है। किसान अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने हैरान परेशान बने हुए है। खरीद संस्था छुछार, सर्रा वेयर हाउस संचालक के किसान चक्कर लगा रहे है। वेयर हाउस के पंकज शर्मा ने चर्चा के दौरान साहूकार बैंक सोसाइटियों के कर्जदार बन गए हैं ।

### नहीं बने बिल, अटका है अभी भुगतान

सर्रा केन्द्र पर मूंग की खरीदी के दौरान ट्रेक्टर ट्रालियों की लम्बी लाइनें लगी रही। सर्रा ग्राम नर्मदा नदी के किनारे है, जहां भारी बारिश के बीच जाना आना और भरे ट्रेक्टर ट्रालियों से परिवहन अत्याधिक कठिन चुनौती पूर्ण रहता है। जब अंतिम समय में मूंग की खरीद तौल हो रही थी, तब भारी बारिश, नर्मदा नदी में बाढ़ की स्थिति रही। किसानों की मूंग तो खरीद ली गई, परंतु उनके बिल नहीं बन पाए। समय समाप्त होने के साथ साइड बंद हो गई।

सर्रा केन्द्र पर मूंग बेंचने वाले बताया कि अधिकारियों द्वारा सिर्फ कोरे आश्वासन दिये जा रहे हैं। बारिश की प्राकृतिक आपदा के कारण मूंग खरीदी के बिल नहीं बन पाए। एक माह से अधिक समय बीत गया, किसानों द्वारा चेतावनी देते हुए कहा कि भुगतान जल्दी कराए जिम्मेदार विभाग वरना अन्यदाता आंदोलन की तैयारी करने को मजबूर होंगे ।



### विवेकानंद वार्ड में भाजपा जिलाध्यक्ष, निगमाध्यक्ष व वार्ड पार्षद ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया

**सागर।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नगर निगम द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विवेकानंद वार्ड से भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, विवेकानंद वार्ड पार्षद डॉ. याकृति जड़िया के नेतृत्व में सफाई अभियान प्रारंभ

श्रद्धांजलि



स्व. श्री राम नारायण तिवारी
(रिनिया वाले)
जन्म : 01 जनवरी 1947
मृत्यु : 26 जनवरी 2021

पूज्य पिताजी सदा ही अपने परिवार ओर गांव रिनिया की सेवा करते रहे
रिनिया गांव के सरपंच और सेऊ कॉपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष पद पर रहते हुए किसानों के हित में काम करते रहे।
वे सदैव अपना कर्म मेहनत, धैर्य और ईमानदारी से करते थे सदा दूसरों की सहायता करते थे।

हम सभी तिवारी परिवार के सदस्य उनके पदचिन्हों पर चल रहे है जो हमने उनसे सीखा है



पिताजी आपका आशीर्वाद हम सब पर बना रहे
विद्याचरण तिवारी

**खबर संक्षेप**

## नपा ने जगह-जगह चलाया स्वच्छता अभियान




**रायसेन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन स्वच्छता अभियान चलाकर मनाया। शनिवार को नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के सभी वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर नपा अधिकारी कर्मचारियों और बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत कई स्थानों पर पौधरोपण भी किया गया। विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, सीएमओ सुश्री सुरेखा जाटव ने दुर्गा चौक पुराना बस स्टैंड जहां चबूतरे पर दुर्गा की देवी झांकी लगती है उसे कवर्ड करते हुए टीनशेड लगाने की घोषणा की। इस अवसर वार्ड 5 पार्षद प्रतिनिधि राजकिशोर सोनी, स्वच्छता निरीक्षक शशिकांत मोहोड़, सफाई दरोगा तरुण चावला, सोनू कुशवाहा, मनोज यादव, विकास सेटम रैकवार आदि मौजूद रहे।

## जिले में अब तक 1510.5 मिमी औसत बारिश दर्ज

**रायसेन।** जिले में 1 जून से अब तक 1510.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 297.4 मिलीमीटर अधिक है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है।

### हवा-आंधी, वाहनों की टक्कर से बदली तीसरी आंख की दिशा, कैसे हो आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी

**आपराधिक गतिविधियों पर पुलिस नहीं रख पा रही नजर**

# लापरवाही: शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों के मेंटेनेंस का ठेका खत्म, सर्वर सिस्टम भी ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जिला पुलिस विभाग द्वारा लगभग 11 जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मालूम हो कि जो पिछले महीने भर सेकंड फेस के तहत सर्वर का टाइम पीरियड खत्म होने की वजह से बंद पड़े हुए हैं, जो बाद में दूसरे ठेकेदार का ठेका हो जाने के बाद दोबारा शुरू किए जाएंगे। यह स्थिति अकेले रायसेन शहर की ही नहीं, बल्कि मप्र के 50 जिलों की भी ऐसी ही बनीं हुई है।


जिला पुलिस विभाग रायसेन की ओर से शहर के करीब 11 स्थानों आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पीएचक्यू मुख्यालय भोपाल के वरिष्ठ के अधिकारियों के निर्देश पर फेस 1, फेस-2 योजना के तहत नगर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों मंदिरों के आसपास वाले एरिया में 11 जगहों पर हाई क्वालिटी रेंज के सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से एसपी ऑफिस रायसेन के सामने महाबली पंचमी के हनुमान मंदिर गोपालपुर, माता मंदिर चौराहा, महामाया चौक, दुर्गा चौक, पुराना बस स्टैंड, सागर भोपाल तिराहा, मुखर्जी नगर मेनगेट, सिद्ध श्री हनुमान मंदिर पाटनदेव के बाजू में, सागर टोल टैक्स बैरियर, दरगाह शरीफ, रायसेन किला रोड आदि शामिल हैं।

पुलिस विभाग द्वारा शहर में दो फेस में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा के मेंटेनेंस का ठेका पीएचक्यू भोपाल स्तर पर होता है। फिलहाल सिस्टम का ठेका समाप्त होने की वजह से सर्वर और सीसीटीवी कंट्रोल रूम बंद पड़ा हुआ है। ऐसी स्थिति में अगर कोई आपराधिक घटनाएं घटित हो जाए तो उन पर कैसे निगरानी रखी जाएगी। नागरिकों, व्यापारियों द्वारा मुद्दे पर पुलिस विभाग के अधिकारियों पर सवाल खड़े करने लगे हैं।

**कैमरों के मेंटेनेंस में हो रहा लाखों का बजट खर्च**

शहर में करीब एक दर्जन स्थानों पर लगे पुलिस के हाई सीसीटीवी कैमरा के रख रखाव में विभाग द्वारा लाखों रुपए का बजट खर्च किया जाता है, फिर भी उनकी दिशा और दशा नहीं बदली। लाखों रुपए का ठेका ठेकेदार को दिया जाता है उसकी जवाबदारी होती है कि अगर संयोग से हवा, आंधी में कैमरे बंद हो जाए, तो उनके मेंटेनेंस करना और समय पर रख-रखाव करना। जिला पुलिस विभाग द्वारा कई साल पूर्व शहर में घटित होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर निगाह रखने के लिए फेस वन, फेस टू के तहत हाई रेंज के सीसीटीवी कैमरे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों धार्मिक जगह पर लगाए गए हैं।

◆ पिछले महीने भर सेकंड फेस के तहत सर्वर का टाइम पीरियड खत्म होने की वजह से बंद पड़े हैं कैमरे



**पाटनदेव व दरगाह शरीफ पर एक कैमरे से हो रही निगरानी**

*शहर में सागर रोड स्थित पाटनदेव, किला रोड़, दरगाह शरीफ पर हाई सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। शुरुआती दौर में यहां पर पुलिस प्रशासन ने 3 कैमरे लगाए थे। जिन्हें अलग अलग दिशाओं में सेट किया था, जिससे हर तरफ की अधिकतम गतिविधियों को कैद किया जा सके। गुजरते समय के साथ यहां के दो कैमरे खराब हो गए, जिन्हें मरम्मत के लिए निकालकर ले जाया गया। लेकिन इसके बाद आज तक उन्हें दोबारा नहीं लगाया गया। इस कारण अब यहां केवल एक ही कैमरा लगा है। शहर के विभिन्न गली मोहल्लों चौक चौराहों पर जिला पुलिस विभाग द्वारा सालों पहले लाखों रूपए खर्च करके आपराधिक गतिविधियों की निगरानी और रिकार्ड रखने लगाए कैमरे की कई जगह दिशाएं बदल गई हैं, जिससे उपयोगिता पर सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों और व्यापारियों ने एसपी पंकज पांडे से ठेका बहाली की गुहार लगाई है। साथ ही उन्होंने यह मांग की है कि हाई सीसीटीवी कैमरों की समय पर निगरानी रखना जरूरी है। वरना लाखों रुपए के रखरखाव पर पानी फिर जाएगा।*

**हवा, आंधी से बदला कैमरों का डायरेक्शन, नहीं हो रही निगरानी**

इंडियन चौराहा शहर का मुख्य बाजार का रास्ता है। यहां पर पुलिस ने 5 कैमरे लगवा रखे हैं, इनमें से केवल 3 के डायरेक्शन ही आज तक ठीक है। हवा आंधी और पक्षियों के बैठने देखरेख के अभाव में दो कैमरे टूट गए जो अब मौके पर लटक रहे हैं। इसके अलावा दुर्गा चौक पुराना बस स्टैंड के 5 में से 3 सीसीटीवी कैमरे भी ढीले हो गए हैं, जो हवा चलने पर हिलते हैं। इसके बाद भी पुलिस विभाग ने अभी तक इन्हें ठीक नहीं कराया। यहां रोजाना हजारों लोग खरीदारी करने आते जाते हैं। कलेक्ट्रेट रोड़ पर एसपी ऑफिस के सामने, पंचमुखी हनुमान मंदिर गोपालपुर पहुंच रास्ते पर भी चार कैमरों का सेट लगाया गया था, जिन्हें विभिन्न दिशाओं को कवर करते हुए सेट किया गया था। ये कैमरे तेज हवा आंधी में हिल गए। एक दो की दिशा भारी वाहनों की टक्कर लगने से बदल गई। इस कारण अब वे पूर्व में सेट किए क्षेत्र को कवर करने के बजाय अन्य डायरेक्शन में काम कर रहे हैं, जिससे इन्हें लगाने का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है।

## मेंटेनेंस के आभाव में गतिविधियों पर नहीं रख पा रहे नजर

अक्सर देखने में यह आ रहा है कि तेज हवाओं आंधी चलने से और वाहनों के दुर्घटनाओं की वजह से और पोल आडे तिरछे हो गए हैं तो कुछ कमरों की दशा और दिशा बदल गई है, जिससे रिकॉर्डिंग सिस्टम गड़बड़ाने लगा है, जिससे उनकी उपयोगिता पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। पुलिस विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार ने इन हाई सीसीटीवी कैमरा को सुधरवाने में कोई रुचि नहीं ली है। कहीं सड़क से गुजरते भारी वाहनों की टक्कर से सीसीटीवी कैमरा के पोल आड़े तिरछे हो गए हैं तो कहीं ऊपर से पोल लटकने लगे हैं, जिससे कैमरा ढीले होकर दिशा बदल रहे हैं। उन्हें अभी तक बदला नहीं गया है। हाई सीसीटीवी कैमरों रखरखाव और मेंटेनेंस के लिए ठेकेदार के जरिए लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं तो फिर भी सीसीटीवी कैमरा का ठीक नहीं होने की वजह से यह स्थिति बनी हुई है। उसके बाद में शहर के सार्वजनिक स्थानों पर ले गए कैमरों की हालत ठीक नहीं है।

यदि शहर में कोई चोरी लूट वारदात की घटना हो जाए तो हालात बिगाड़ सकते हैं। भारी वाहनों की टक्कर से हनुमान मंदिर गोपालपुर के सामने भारी वाहन के चालक द्वारा लापरवाही से सीसीटीवी कैमरे के पोल में टक्कर मार दी थी, जिससे वह अभी भी तिरछा बना हुआ है। आने से अच्छे हुए गोपालपुर के इस खंबे को बदलना भी जिम्मेदारों ने मुनासिब नहीं समझा है।

**इनका कहना है**

पीएचक्यू भोपाल विभागीय स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इन हाई सीसीटीवी कैमरों का सर्वर सिस्टम बंद है। सीसीटीवी कैमरों के मेंटेनेंस का ठेका जल्द दिया जा रहा है। नये ठेकेदार की इनकी देखभाल मेंटेनेंस की जिम्मेदारी रहेगी। वर्तमान में पुलिस विभाग इनकी देखरेख कर रहा है। हमने मांग पत्र पीएचक्यू भिजवा दिया है।

**-ऋषि कुमार निवोदा,** रेडियो निरीक्षक पुलिस लाइन रायसेन।

## कार ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, मां-पुत्र व पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 दीवानगंज के पास स्थित कुल्हड़िया गांव पर एक अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक सहित दो अन्य व्यक्ति भी गिर कर घायल हो गए। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और 108 एंबुलेंस से घायलों को सांची सिविल अस्पताल भेजा, जहां से उपचार के बाद विदिशा रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार अनुज अहिरवार उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम धनोरा जिला विदिशा का रहने वाला है वर्तमान में भोपाल में रह रहा है। शनिवार को अनुज अपनी मां और पत्नी के साथ अपने गांव धनोरा जा




रहा था तभी कुल्हड़िया पर दुर्घटना हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक घटना स्थल से फरार हो गया है।

दीवानगंज पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। रोज 40 किलोमीटर मार्ग पर तीन से चार दुर्घटना होना हम बात हो गई है।

## क्षेत्र में तेजी से फैल रहा लंपी वायरस का कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

■ पशुपालकों में बढ़ी चिंता

जिले के सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्र में एक बार फिर से लम्पी स्किन डिज़ीज़ वायरस (एलएसडीव्ही) का प्रकोप देखने को मिल रहा है। कई गाय-बैलों में इसके लक्षण दिखाई देने से पशुपालकों में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब वे इलाज के लिए आसपास क्षेत्र के पशु चिकित्सालय पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि न तो यहां इस बीमारी की कोई दवा उपलब्ध है और न ही वैक्सीन।

स्थानीय नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि नज़दीकी अस्पताल में स्थायी डॉक्टर पदस्थ



नहीं है, सिर्फ प्रभारी डॉक्टर हैं, जो अधिकांश समय अनुपस्थित रहते हैं। ऐसे में पशुपालकों को इलाज कराने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, लम्पी वायरस मुख्यतः मच्छर, मक्खी और टिक्स (किलनी) के जरिए फैलता है। यह रोग खासतौर पर गाय और भैंसों को प्रभावित करता है।

संक्रमित पशुओं में तेज बुखार, शरीर पर गांठें, दूध उत्पादन में कमी और कमजोरी जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं। यदि समय पर उपचार न मिले तो पशुओं की जान भी जा सकती है। पशु चिकित्सकों का मानना है कि समय पर टीकाकरण, स्वच्छता और मच्छरों से बचाव ही इस रोग से सुरक्षा का सबसे बड़ा उपाय है। सरकार द्वारा पहले इस बीमारी की रोकथाम के लिए गोठवीरोक नामक वैक्सीन उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन इस बार क्षेत्रीय अस्पताल में दवा और वैक्सीन की अनुपलब्धता ने पशुपालकों की परेशानी बढ़ा दी है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पशु चिकित्सालय में स्थायी डॉक्टर पदस्थ किए जाएं और लम्पी वायरस से बचाव के लिए दवाएं व वैक्सीन उपलब्ध कराई जाएं, ताकि पशुपालकों को नुकसान से बचाया जा सके।

## कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने पौधरोपण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम द्वारा अपने अनुभाग क्षेत्र में एक बगिया मॉ के नाम परियोजना के तहत बनाई गई। फलोद्यान बगिया पौधरोपण कार्य का निरीक्षण किया। बेगमगंज एसडीएम सौरभ मिश्रा द्वारा बेगमगंज जनपद पंचायत के पछिपुरा में एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत बनाई जा रहीं। फलोद्यान बगिया का निरीक्षण किया। साथ ही हितग्राही महिलाओं से बिंदुवार चर्चा कर जानकारी ली गई।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा जिले में एक बगिया मां के नाम परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी एसडीएम को ग्रामीण



क्षेत्रों में बनाई जा रहीं फलोद्यान बगिया के निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पौधे निर्धारित दूरी पर और सही तरीके से रोपित किए गए हैं, उनकी सुरक्षा के लिए तार-फेंसिंग ठीक तरीके से की गई है या नहीं सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के निर्देश दिए गए।

## कथा में तुलसी शालिगराम विवाह का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

नरखेड़ा बद्रीधाम आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पं. राकेश उपाध्याय ने तुलसी-शालिग्राम विवाह का वर्णन किया और तुलसी विवाह की उपकथा विस्तार से सुनाई।

कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार प्राचीन काल में जलंधर नामक राक्षस ने चारों तरफ बड़ा उत्पात मचा रखा था। उसकी पत्नी वृंदा का पतिव्रता धर्म उसकी वीरता का रहस्य था, जलंधर के उपद्रवों से परेशान देवगण भगवान विष्णु के



पास गए और रक्षा की गुहार लगाई। उनकी प्रार्थना सुनकर भगवान विष्णु ने वृंदा का पतिव्रता धर्म भंग करने का निश्चय किया। यह कहकर वृंदा अपने पति के साथ सती हो गई। जिस जगह वृंदा सती हुई वहां तुलसी का पौधा उत्पन्न हुआ। विष्णु ने कहा, हे वृंदा, यह तुम्हारे सतीत्व का फल है कि तुम तुलसी बनकर मेरे साथ ही रहोगी।

## गड्ढों से राहत : कायाकल्प योजना से सुधरी सड़क की हालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

कायाकल्प योजना से नगर की बदहाल सड़क का कायाकल्प होने पर लोगों ने नप का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए खुशी जाहिर की है। नगर परिषद सिलवानी द्वारा वार्ड क्रमांक 13 में कायाकल्प योजना के अंतर्गत लगभग 7 लाख रुपए से अधिक की लागत से कंक्रीट युक्त पक्की सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण किया है।

वर्षों से उपेक्षित इस मार्ग के सुधार से अब आमजन को आवागमन में बड़ी राहत मिली है। नगर के इस प्रमुख मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। दोपहिया, चार पहिया वाहनों के अलावा भारी लोडिंग वाहन भी इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। लेकिन बीते

**खास बातें**

- कायाकल्प योजना से 7 लाख की लागत से बनी सड़क, नागरिकों ने जताया आभार
- वाहनों चालकों को अब सफर हुआ आसान



कई वर्षों से यह सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी। जगह-जगह गहरे गड्ढे और उखड़ी हुई सतह के कारण न केवल वाहनों को परेशानी होती थी, बल्कि पैदल चलने वालों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात में स्थिति और भी बदतर हो जाती थी।

स्थानीय नागरिकों की लगातार मांग को देखते हुए नगर परिषद ने इस मार्ग के कायाकल्प के लिए कायाकल्प योजना के अंतर्गत राशि स्वीकृत की। निर्धारित समय.सीमा में कार्य पूर्ण कर, अब यहां पक्की और समतल सड़क तैयार हो चुकी है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली है।

**अब सुविधाजनक हुआ सफर**

सड़क निर्माण के बाद स्थानीय रहवासियों में खुशी की लहर है। वार्डवासियों ने बताया कि इस सड़क की हालत बेहद खराब थी। कई बार बच्चे और बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो चुके थे। अब नई सड़क बनने से न केवल सुविधाजनक आवागमन संभव हो गया है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी खत्म हो गई है।

### मुस्लिम त्योहार कमेटी रायसेन ने माना लोगों का आभार

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों को रायसेन से भेजी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पंजाब में आई बाढ़ की विभीषिका से पीड़ित लोगों को रायसेन से भेजी राहत सामग्री, पंजाब के आसपास राहत शिविरों में ठहरे जरूरतमंदों को जब यह खाने पीने की राहत सामग्री वितरित की गई तो उनके चेहरे पर खुशी छा गई।

रायसेन के शहरवासियों द्वारा खाने पीने की लगभग 10 टन सामग्री ट्रक से पंजाब भेजी गई थी। मानवता के इस नेक कार्य में पंजाब के जामा मस्जिद के शाही इमाम हजरत, मौलाना मोहम्मद उस्मान, श्री दरबार साहिब मैनेजर जनाब सरदार भगवंत सिंह के नेतृत्व में राहत सामग्री बाढ़ राहत शिविरों में ठहरे जरूरतमंदों को बांटी गई। यह राहत सामग्री रायसेन से करीबन 1400 किमी का ट्रक से सफर तय करके पंजाब भेजी गई।

पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष अच्छे भाई द्वारा नगर के महामाया चौक में राहत सामग्री





शिविर आयोजित किया। जिसमें दाल, आटे से लेकर तेल, नमक, शकर चायपत्ती आदि करीबन 7 से 8 लाख रुपए कीमत की राहत सामग्री सभी मजहब के लोगों ने भरपूर सहयोग किया। इस राहत सामग्री को युवाओं को ट्रक में लोड कर पंजाब भेज दिया गया।

मुस्लिम त्यौहार कमेटी के सदर अच्छे भाई ने मीडियाकर्मियों से चर्चा करते हुए कहा कि पंजाब में बाढ़ के कारण आज हमारे सिख भाईयों पर जो मुसीबत आई है। इस समय उनकी मदद करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी और फर्ज भी है। मदद करना सवाब का काम है। उन्होंने राहत सामग्री का सहयोग करने वालों के प्रति रायसेन शहरवासियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया ।रायसेन शहर के फैजान खान, अजमल खान,अफजल खान, फरदीन खान सादिक खान ने पंजाब के जिलों के दूरदराज क्षेत्रों में राहत शिविरों में जरूरतमन्दों को यह राहत सामग्री वितरित की। वहीं रायसेन नगर के युवाओं ने मानवता के इस सच्चे कार्य में भरपूर मदद करने की मिसाल पेश की है। जो वास्तव में एक इंसानियत की मिसाल पेश की है जो वास्तव में काबिले तारीफ है।

## नवरात्रि पर्व की तैयारी जोरों पर, 54वीं बार काली चौक पर विराजेंगी मां काली

### समिति सदस्य देर रात तक पंडाल सजाने में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शारदीय नवरात्र के आगमन से पहले नगर भक्ति और उत्साह के रंग में रंगता जा रहा है। 22 सितंबर को घट स्थापना के साथ मां दुर्गा की आराधना का शुभारंभ होगा, जिसके लिए नगर भर में तैयारियाँ ज़ोरों पर चल रही हैं। पंडाल निर्माण, सजावट, विद्युत व्यवस्था और सांस्कृतिक आयोजनों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

नगर के ऐतिहासिक काली चौक पर इस वर्ष भी मां काली की प्रतिमा विराजित की जाएगी। यह परंपरा बीते 54 वर्षों से अनवरत चली आ रही है और नगरवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। काली चौक की समिति इस आयोजन को विशेष रूप से भव्य



और भक्तिमय बनाने में जुटी है।

नगर के अन्य 17 स्थानों पर भी समितियों द्वारा देवी प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। इन स्थलों पर 10 से 15 फीट ऊँची भव्य प्रतिमाएँ स्थापित किया जाना बताया जा रहा हैं। समिति सदस्य दिन-रात पंडालों को सजाने, मंच तैयार करने में जुटे हुए हैं। समिति के एक सदस्य ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी नगरवासियों की आस्था और उत्साह देखते ही बनता है। प्रयास है कि आयोजन में भक्ति, शांति और सांस्कृतिक विविधता का सुंदर संगम देखने को मिले। स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद द्वारा भी सुरक्षा, सफाई और ट्रैफिक प्रबंधन की तैयारियाँ की जा रही हैं।